पत्रिका

नकली आयल बिक्री का पर्दाफाश, पांच दुकानों से पकड़ा गया 1520 लीटर

मनगवां पुलिस ने कस्बे में की कार्रवाई, कंपनी के कर्मचारियों ने दी थी सूचना

रीवा। नकली आयल बिक्री का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आधा दर्जन दुकानों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में नकली आयल बरामद किया है। पांच दुकानदारो को पुलिस ने हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। नकली आयल बिक्री का गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा था।

दुकानों में बेंचा जा रहा था नकली आयल मनगवां कस्बे में नकली आयल बिक्री का गोरखधंधा चल रहा था। टाटा कंपनी का नकली डैफ यूरिया आयल मनगवां बाजार में बेंचा जा रहा था जिसकी कंपनी के कर्मचारियों ने गोपनीय तौर पर जानकारी जुटाई और मनगवां पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने तत्काल मनगवां पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। पुलिस ने पांच दुकानों में दबिश दी। इन दुकानों में बड़ी मात्रा में नकली आयल रखा हुआ था जो कंपनी के नाम से बेंचा जा रहा था। उसे कंपनी की पैकिंग में भरा गया था जिससे आसानी से उसे पकडऩा भी संभव नहीं था। पुलिस ने 10 व 20 लीटर के करीब 80 डिब्बे जब्त कियेहै जिसमें 1520 लीटर नकली आयल भरा हुआ था। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लाखों में आंकी गई है।

प्रयागराज से नकली आयल लाते थे दुकानदार

दुकानों से मिले नकली आयल के तार यूपी के प्रयागराज से जुड़े हुए है। प्रयागराज का सप्लायर उनको यह माल उपलब्ध करवाता था। वहां से दुकानदार नकली आयल मंगवाकर उसकी बिक्री करते थे। आरोपियों 20 लीटर की बाल्टी 1575 और 10 लीटर की 800 रुपए में बें्चते थे। इस डिब्बे में जो लेबर लगाया गया था वहां अलग से बनाया गया था और हांथ से घिसने पर उसका रंग छूट रहा था। नकली आयल सप्लायर का पता लगाने के लिए पुलिस टीम जल्द प्रयागराज जा सकती है। सप्लायर की तलाश जारीमनगवां कस्बे में कंपनी के नाम पर नकली आयल बिक्री की सूचना मिली थी जिस पर कार्रवाई करते हुए पांच दुकानदारों को पकड़ा है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में नकली आयल बरामद किया गया है। दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं सप्लायर के संबंध में भी जानकारियां जुटाई जा रही है। नवनीत भसीन, एसपी रीवा

Source: https://www.patrika.com/rewa-news/fake-oil-sale-exposed-1520-liters-caught-from-five-shops-7340211/